## स्टॉफ बैठक : दिनांक 30 मई,2022

आज दिनांक 30 मई 2022 को स्टाफ सदस्यों की बैठक प्राचार्य डॉ बिना राठौर के अध्यक्षता में संपन्न हुई ।इस बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा हुई:-

प्राचार्य डॉ विनय राठौर ने सर्वप्रथम इस बैठक में उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों का समय पर पधारने के लिए स्वागत किया और प्रोफेसर दीपाली भंडारी स्टॉफ सचिव के स्थानांतरण के चलते नये स्टॉफ सचिव की नियुक्ति का प्रस्ताव सभी के समक्ष रखा । डॉक्टर जयचंद हिंदी विभाग को सर्वसम्मति से स्टाफ सचिव नियुक्त किया गया और साथ ही प्रोफेसर सुशील तोमर को सह सचिव के रूप में चयनित किया गया ।

उसके पश्चात 21 दिसंबर 2021 को हुई स्टाफ बैठक की समीक्षा की गई और सर्वसम्मति से पारित किया गया ।इसके साथ ही प्राचार्य ने महाविद्यालय में स्थानांतरित होकर आए सभी प्राध्यापकों का औपचारिक स्वागत किया और फिर विधिवत मुख्य बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा प्रारंभ हुई जो निम्नवत है:-

प्राचार्य महोदय ने सर्वप्रथम नैक के संदर्भ में महाविद्यालय के सभी शिक्षक गैर शिक्षक साथियों से भरपूर सहयोग की अपील की और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ मैं 2.2.1 गुणात्मक मैट्रिक्स के लिए सभी विभागों के प्रमुखों को विषयगत डाटा ग्रीष्मकालीन छुट्टियों से पहले भरने को कहा गया । सभी विषयों में मेंटर मेंटी के आधार पर जो परीक्षा आयोजित की गई थी उसी आधार पर विद्यार्थियों की एडवांस मीडियम और स्लो लर्नर अवस्थाओं को डॉ . पुष्पा यादव के पास जमा करवाने को कहा गया और साथ ही परामर्श दिया गया कि स्लो लर्नर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाओं में विद्यार्थियों का रिकॉर्ड भी समय अवधि पर जमा करें ।

दूसरा बिंदु मेंटर मैंटी सिस्टम को लेकर था।डॉ मोहन सिंह चौहान इससे संबंधित आंकड़े विषय अनुसार जमा कराने को कहा गया ।सभी प्राध्यापकों को कम से कम 5 विद्यार्थियों की वस्तुनिष्ठ उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके प्रोफेसर सुशील को जमा करने के भी निर्देश दिए गए ।

चर्चा का तीसरा बिंदु प्रोग्राम आउटकम और कोर्स आउटकम को लेकर था । प्राचार्य महोदय ने सभी प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय वेबसाइट खोलने को कहा और अपने विषय के प्रोग्राम आउटकम और कोर्स आउटकम को विकसित करने का सुझाव दिया कि वह हमारी विषय के बिंदुओं से समता या विषमता रखते हैं तो उसे दुरुस्त करने की भी आवश्यकता होगी ।

बैठक का चौथा बिंदु पावर पॉइंट टीचिंग को लेकर था प्राचार्य ने स्पष्ट शब्दों में सभी प्राध्यापकों से अपने आप को बेहतर शिक्षण में निपुणता लाने के लिए अपडेट होने की बात कही ।उन्होंने कहा कि प्रत्येक पाठ्यक्रम स्नातक और परास्नातक के लिए कम से कम पांच पी पी टी की आवश्यकता है ।इसके लिए समय अवधि 5 जुलाई है । इसके भीतर यह कार्य पूर्ण होना आवश्यक है ।

बैठक का पांचवा बिंदु विभाग में उपकरणों की आवश्यक सूची को त्वरित गति से प्रस्तुत करना रहा ।प्राचार्य ने सभी उपकरणों की सूची को बिल और ब्रोशर के साथ अति शीघ्र आइक्यूएसी में जमा करने को कहा ।

चर्चा का छठा बिंदु आंतरिक मूल्यांकन शिकायत को लेकर था ।प्राचार्य ने संबंधित कमेटी को इस बावत प्राप्त शिकायतों का तुरंत निवारण करने का सुझाव दिया ।प्रोफेसर धनवन्ती ने कहा कि इस संदर्भ में 100 से अधिक फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं और उन सभी का निवारण भी हो गया है ।

बैठक का सातवां बिंदु कमेटियों की रिपोर्ट को फिर से प्रस्तुत करने को लेकर था । प्राचार्य महोदय ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ में नए फॉर्मेट में अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का भी सुझाव दिया ।

Staff Sec
(Dr. Jaichand)

Shree Guru Gobind Singh Ji Government College Paonta Sahib — NAAC ACCREDITED WITH B++ GRADE

Dr. MOHAN SINGH CHAUHAN
Principal
Shree Guru Gobind Singh Ji
Government College
Paonta Sahib
Dist. Sirmour (H.P.)-173025

चर्चा परिचर्चा का आठवां बिंदु नैक के संज्ञानार्थ 2.6.2 विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम परिणाम से संबंधित था ।प्राचार्य ने इस बिंदु पर चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि मुख्य विषय के अंतर्गत सत्र 2020 -21 में पास आउट हुए विद्यार्थियों के पूर्ववर्ती परिणामों के संपूर्ण कार्यक्रम और पाठ्यक्रम परिणामों को रेखांकित कर जमा करना है ।

बैठक का नौवा बिंदु छात्र केंद्रित पद्धति भागीदारी अधिगम समस्या समाधान पद्धतियों जो गुणात्मक मैट्रिक्स के तहत 2.3.1 से संबंधित है पर विचार किया गया प्राचार्य ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में विद्यार्थियों ने कितने प्रोजेक्ट किए हैं और साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिताओं संगोष्ठीओं और मौखिक परीक्षाओं में उसकी क्या भागीदारी है यह सभी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों का मूल्यांकन करना है ।

बैठक का दसवां बिंदु नए सत्र में ऑनलाइन ऐडमिशन पोर्टल को लेकर था ।प्राचार्य ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए सभी को तैयार रहने की बात कही ।

बैठक का 11 बिंदु प्रोस्पेक्टस में एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी को लेकर था ।प्राचार्य ने कहा कि प्रशासनिक कमेटी में अभी तक वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ रितु पंत प्रोफेसर, अमिता जोशी और प्रोफेसर बिम्मी रानी है । लेकिन नया सत्र में जो कई कमेटियां बननी है उसके लिए स्वेच्छा से अपनी रूचि एवं कार्य दक्षता के आधार पर आप अपना प्रस्ताव रख सकते हैं यह प्राथमिकता होगी ।

बैठक का बारहवां बिंदु कॉलेज वेबसाइट अपडेशन था ।प्राचार्य ने सभी प्राध्यापकों से कहा कि प्रतिदिन हम महाविद्यालय वेबसाइट को खोलें और उसकी समीक्षा करें और किसी भी तरह का सुझाव जो इसकी गुणात्मक ता को बढ़ाएं उसे संबंधित कमेटी को जरूर दें । साथ ही प्राचार्य ने विभागीय प्रोफाइल को नए फॉर्मेट में डॉक्टर अरुण को जमा करने का भी निर्देश दिया ।

बैठक का अंतिम बिंदु उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना को लेकर था ।महोदया ने गौरवान्वित स्वर में कहा कि उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के चलते हमारे महाविद्यालय खोजो 1 करोड रुपए की राशि मिली थी उसे सात अलग मानदंडों में ₹99 लाख कुछ रुपये में खर्च कर दिया गया है ।प्राचार्य ने इस योजना का लाभ विद्यार्थी के हितों में खर्च करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया ।

धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक जलपान के साथ बैठक समाप्त हुई ।

Staff Sec.
Dr. Jaichand

Shree Guru Gobind Singh Ji Government College Paonta Sahib
NAAC ACCREDITED WITH B++ GRADE

Dr. MOHAN SINGH CHAUHAN
Principal
Shree Guru Gobind Singh Ji
Government College
Paonta Sahib
Dist. Sirmour (H.P.)-173025

DATE: / 20
PAGE No

30 मई, 2022

आज दिनाँक 30 मई, 2022 को स्टॉफ सदस्यों की बैठक प्राचार्या डॉ॰ वीना राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Dr. Neha Mishra | [signature] |
| 2 | Vandana Bansal | [signature] |
| 3 | Vimmi Rani | [signature] |
| 4 | Deepa Chauhan | [signature] |
| 5 | Amita Joshi | [signature] |
| 6 | Dr Mohan Singh | [signature] |
| 7 | Dr. Usha Joshi Sharma | [signature] |
| 8 | Sh. Kuldeep Singh Negi | [signature] |
| 9. | Lalit Bhardwaj | [signature] |
| 10 | Sunil Sharma | [signature] |
| 11 | Dr. Pooja Bhati | Pooja Bhati |
| 12 | Nandini Kanwar | [signature] |
| 13 | Dr. Pushpa Yadav | [signature] |
| 14 | Reena Chauhan | [signature] |
| 15 | Chinu Bansal | [signature] |
| 16 | Tanu Chandel | [signature] |
| 17 | Seema Tyagi | [signature] |
| 18 | Dhanmati Kandari | [signature] |
| 19 | Sandeep Sharma | [signature] |
| 20 | Jahid Ali Malik. | [signature] |
| 21 | Mandeep | [signature] |
| 22 | Susheel Tomar | [signature] |
| 23 | Pankaj Yadav | [signature] |

DATE: / 20
PAGE No

24. Ravi Kant
25 Ravinder Singh
26 Bharti
27 Aparna
28. Navdeep Shah
29. Rekha Devi

इस बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा-परिचर्चा हुयी :–

प्राचार्या डॉ० वीना राठौर ने सर्वप्रथम इस बैठक में उपस्थित सभी स्टॉफ सदस्यों का समय पर पधारने के लिए स्वागत किया और प्रो० दीपाली भण्डारी (स्टॉफ सचिव) के स्थानान्तरण के चलते नये स्टॉफ सचिव की नियुक्ति का प्रस्ताव सभी के समक्ष रखा। डॉ० जयचन्द (हिन्दी विभाग) को सर्वसम्मति से स्टॉफ सचिव नियुक्त किया गया और साथ ही प्रो० सुशील तोमर को सह-सचिव के रूप में चयनित किया गया–

उसके पश्चात 2 दिसम्बर, 2021 को हुयी स्टॉफ बैठक की समीक्षा की गई और सर्वसम्मति से इसे पारित किया गया। इसके साथ ही प्राचार्या ने महाविद्यालय में स्थानान्तरित होकर आये सभी प्राध्यापकों का औपचारिक स्वागत किया और फिर विधिवत मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा परिचर्चा प्रारम्भ हुयी जो निम्नवत है :–

(क) प्राचार्या महोदया ने सर्वप्रथम नैक (NAAC) के सन्दर्भ में महाविद्यालय के सभी गैर शिक्षक और शिक्षक साथियों से भरपूर सहयोग की अपील की

और आन्तरिक आश्वासन गुणवत्ता प्रकोष्ठ (IQAC) में 2.2.1 गुणात्मक मैट्रिक्स (Qualitative matrix) के लिए सभी विभागों के प्राध्यापकों को विषयगत डाटा ग्रीष्मकालीन छुट्टियों से पहले भरने को कहा गया। सभी विषयों में मेंटर मेंटी के आधार पर जो एक परीक्षा आयोजित की गई थी उसी आधार पर विद्यार्थियों की एडवांस, मीडियम और स्लो लर्नर अवस्थाओं को डॉ० पुष्पा यादव के पास जमा करवाने को कहा गया और साथ ही परामर्श दिया गया कि स्लो लर्नर विद्यार्थियों की रेमिडियल कक्षाओं व विद्यार्थियों का रिकॉर्ड भी समयावधि पर जमा करें।

(ख) बैठक का दूसरा बिन्दु मेंटर मेंटी सिस्टम को लेकर था। डॉ० मोहन सिंह चौहान वरिष्ठ प्राध्यापक को इससे सम्बन्धित आंकड़े विषयानुसार जमा करने को कहा गया। सभी प्राध्यापकों को कम से कम पांच विद्यार्थियों की वस्तुनिष्ठ उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके प्रो. सुशील को जमा करने को कहा गया

(ग) चर्चा का तीसरा बिन्दु 'प्रोग्राम आउटकम और कोर्स आउटकम' था। प्राचार्या महोदया ने सभी प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय वेबसाइट खोलने को कहा और अपने विषय के प्रोग्राम आउटकम और कोर्स आउटकम को निरीक्षण करने का सुझाव दिया कि वह हमारे विषय के बिन्दुओं से समता नहीं रखता हो नहीं तो उसे दुरुस्त करने की आवश्यकता होगी।

DATE : / 20
PAGE No

(घ) बैठक का चौथा बिन्दु पॉवर प्वायंट टीचिंग (P.P.T) को लेकर था। प्राचार्या ने स्पष्ट शब्दों में सभी प्राध्यापकों से अपने आप को बेहत्तर शिक्षण में निपुणता लाने के लिए अपडेट होने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पाठ्यक्रम यूजी और पीजी के लिए कम से कम पाँच PPT की आवश्यकता है। इसके लिए समयावधि 5 जुलाई है इसके भीतर यह कार्य पूर्ण होना आवश्यक है

(ङ.) बैठक का पाँचवा बिन्दु विभाग में उपकरणों की आवश्यक सूची को त्वरित गति से प्रस्तुत करना रहा। प्राचार्या ने सभी उपकरणों की सूची को बिल और ब्रोशर के साथ अतिशीघ्र आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ में जमा करने को कहा

(च) चर्चा का छठा बिन्दु 'आन्तरिक मूल्यांकन शिकायत' को लेकर था। प्राचार्या ने सम्बन्धित कमेटी को इस बावत प्राप्त शिकायतों का तुरन्त निवारण करने का सुझाव दिया। प्रो० धन्वन्ती ने कहा कि इस सन्दर्भ में १०० से अधिक फार्म प्राप्त हो चुके हैं और उन सभी का निवारण भी हो गया है।

(छ) बैठक का सातवां बिन्दु कमेटियों की रिपोर्ट को फिर से प्रस्तुत करने को लेकर रहा। प्राचार्या महोदया ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ में नये फॉरमेट में अपेक्षित दस्तावेज़ों को प्रस्तुत करने का भी सुझाव दिया

(ज) चर्चा-परिचर्चा का आठवाँ बिन्दु नैक के संज्ञानार्थ २.६.२ विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम परिणाम से सम्बन्धित था। प्राचार्या ने इस बिन्दु पर चर्चा करते हुए स्पष्ट

DATE: / 20
PAGE No

किया कि मुख्य विषय के अन्तर्गत सत्र २०२०-२१ में पास आकर हुए विद्यार्थियों के पूर्ववर्ती परिणामों की सम्पूर्ण कार्यक्रम और पाठ्यक्रम परिणामों को रेखांकित कर जमा करना है

(झ) बैठक का नौवा बिन्दु " छात्र केन्द्रित पद्धति भागीदारी अधिगम समस्या समाधान पद्धतियाँ " जो गुणात्मक मैट्रिक्स के तहत २.३.१ से सम्बन्धित है पर विचार किया गया। प्राचार्या ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में विद्यार्थियो ने कितने प्रोजेक्ट किये हैं, और साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, संगोष्ठीयों और मौखिकी परिक्षाओं में उसकी क्या भागीदारी है इस सभी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों का मूल्यांकन करना है।

(ञ) बैठक का दसवां बिन्दु नये सत्र में ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल को लेकर था। प्राचार्या ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए सभी को तैयार रहने की बात कही

(ट) बैठक का ग्यारहवां बिन्दु प्रोस्पेक्टस में एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी को लेकर था। प्राचार्या ने कहा कि प्रशासकीय कमेटी में अभी तक वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ० रितुपंत, प्रो० अमिता जोशी और प्रो० पिम्मी रानी हैं। लेकिन नये सत्र में जो नई कमेटियां बननी हैं उसके लिए स्वेच्छा से अपनी रूचि एवं कार्य दक्षता के आधार पर आप अपना प्रस्ताव रख सकते हैं यह प्राथमिकता होगी।

(ठ) बैठक का बारहवाँ बिन्दु कॉलेज वेबसाईट अपडेशन था। प्राचार्या ने सभी प्राध्यापकों से कहा कि

DATE : / 20
PAGE No

प्रतिदिन इस वेबसाइट को खोलें और उसकी समीक्षा करें और किसी भी तरह का सुझाव जो इसकी गुणात्मकता को बढ़ाए उसे सम्बन्धित कमेटी को जरूर दें। साथ ही प्राचार्या ने विभागीय प्रोफाइल को नये फॉरमेट में डॉ. अरुण को जमा करने के लिए कहा।

(ड) बैठक का अन्तिम बिन्दु उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना को लेकर था। महोदया ने गौरवान्वित स्वर में कहा कि उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के चलते हमारे महाविद्यालय को जो 1 करोड़ की राशि मिली थी उसे 7 अलग-अलग मानदण्डों में 99 लाख कुछ रुपये में खर्च कर दिया गया है। प्राचार्या इस इस योजना का लाभ विद्यार्थियों के हितों में खर्च करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया

अन्ततः धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक जलपान के साथ बैठक समाप्त हुयी।

सचिव

डा. जयचन्द

प्राचार्या

डॉ. वीना राठौर

डॉ० मोहन सिंह चौहान